## एक नजर में

### संबल योजना के 70 हितग्राहियों को वितरित किए 1 .46 करोड़ के स्वीकृति पत्र



**मोहन बड़ोदिया ।** मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव द्वारा प्रदेश के हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक से सीधे राशि स्थानांतरित की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से मोहन बड़ोदिया जनपद पंचायत में गुरुवार को दिखाया गया। जनपद सीईओ अमृतराज सिसोदिया ने बताया कि मोहन बड़ोदिया जनपद क्षेत्र के कुल 70 हितग्राहियों को राशि 1 ।46 करोड़ के स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया गया, जिसमें सामान्य मृत्यु के 67 और दुर्घटना के 3 प्रकरण शामिल है। बता दें सामान्य मृत्यु पर दो लाख और दुर्घटना में मृत्यु पर संबल योजना में चार लाख रुपए देने का प्रावधान है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश पाल, संबल एवं स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी आरती पड़ोले, पीसीओ दिलीप त्रिवेदी, अरुण पाल ग्राम पंचायतों के सरपंच और बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे।

### सामान्य सभा की बैठक आयोजित

**शाजापुर ।** जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराजसिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में गत दिवस जिला पंचायत शाजापुर में सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष सिसोदिया ने जिले में 19 मार्च 2026 से चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ जितेंद्रसिंह सेंगर ने उक्त अभियान की प्रगति प्रस्तुतिकरण के माध्यम से दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वाहन चालकों से 12 हजार से ज्यादा पेनल्टी वसूली

**शाजापुर ।** कलेक्टर ऋजु बाफना द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में परिवहन विभाग एवं यातायात थाना प्रभारी द्वारा संयुक्त रूप से शाजापुर क्षेत्र में स्कूली वाहन, यात्री वाहन व अन्य वाहनों की सघन चैकिंग की कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि चैकिंग के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी, फर्स्ट एड बॉक्स, इमरजेंसी गेट, फायर फाइटर आदि चैक किए गए। नियम विरुद्ध संचालित वाहनों पर कार्यवाही में वाहनों से 12600 रुपए शमन शुल्क राशि वसूल की गई।

### योजनाओं के कार्यों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

**शाजापुर ।** मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने गत दिवस मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों एवं सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीसी के माध्यम से स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जनजातीय कार्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सहकारिता, संस्कृति, वन, गृह, श्रम, नगरीय विकास एवं आवास, राजस्व, लोक सेवा प्रबंधन, प्रशासन अकादमी, कानून व्यवस्था आदि विषयों के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा कर निर्देश दिए। उक्त वीसी में कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना, एसपी यशपाल सिंह राजपूत, जिपं सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान आदि शामिल हुए।

### क्षीर धारा ग्राम योजना के तहत 4 विकासखण्डों में 100 ग्रामों का किया चयन

**शाजापुर ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पशुपालकों की आय में वृद्धि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश का दुग्ध उत्पादन एवं संग्रहण दुगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा विभाग में अनेक नई गतिविधियों एवं नवाचार प्रारंभ किये गये हैं। उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ ।प्रशांत महाडिक ने बताया कि इसी क्रम में वर्तमान में प्रदेश में क्षीर धारा ग्राम योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। इस योजना में चिंहित ग्रामों में पशु नस्ल सुधार, पशु पोषण, दुग्ध संग्रहण, हरा चारा विकास, गोबर अपशिष्ट प्रबंधन इत्यादि कार्यों के द्वारा दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जायेगीए ताकि ये ग्राम अन्य ग्रामों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने। योजना में पशु पालन विभाग के पशु चिकित्सा अधिकारी एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी को नियुक्त किए गए हैं। योजना में कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, वन विभागी की योजनाओं का भी समावेश किया जाएगा। कृषि विभाग के माध्यम से इन ग्रामों में हरा चारा विकास, बायोगैस निर्माण, जैविक खाद एवं प्राकृतिक खेती जैसी महत्पूर्ण गतिविधियों का समावेश होगा। जिला स्तर पर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समीक्षा के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में अंतर विभागीय समन्वय समिति का गठन किया गया हैं। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी इस समिति के उपाध्यक्ष, उपसंचालक पशु एवं डेयर विभाग समिति के सचिव तथा उपसंचालक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग शाजापुर समिति के सदस्य होंगे। उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ ।महाडिक ने बताया कि वर्तमान में जिले के 100 चयनित क्षीर धारा ग्राम में अधारभूत सर्वेक्षण कार्य संपादित किया जा रहा हैं। सर्वे कार्य में पशु पालकों से संपर्क कर पशुपालन से संवहित गतिविधियों की विभिन्न मूल जानकारी एकत्रित की जा रही हैं। सर्वे कार्य एप्प के माध्यम से पूर्ण किया जा रहा हैं। इसी क्रम में उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ ।प्रशांत महाडिक क्षीर धारा ग्राम योजना जिला नोडल अधिकारी डॉ ।विक्रम सिंह के द्वारा चयनित क्षीर धारा ग्राम पतोली, सुरजपुरा, हनोति, टिमायची, जलोदा भ्रमण का भ्रमण कर सर्वे कार्य का निरीक्षण किया गया। सर्वे के दौरा स्वसहायता समूहों से भी संपर्क कर क्षीर धारा ग्राम योजना में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### भव्य बीआईएस तकनीकी प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**शाजापुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज शाजापुर में 29 अप्रैल को कॉलेज के बीआईएस विभाग द्वारा भव्य तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभाग के 19 उत्साही छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी तकनीकी ज्ञान का प्रदर्शन किया। कॉलेज के सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और प्रतियोगिता के सुचारू संचालन में सहायता की। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बीआईएस के छात्रों और कॉलेज के सदस्यों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी, जिसकी सभी ने सराहना की। इस तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के तकनीकी कौशल को बढ़ाना और उन्हें प्रतिस्पर्धा के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना था। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। समापन पर विजेताओं जिनमें अयान खॉन प्रथम, सत्यम गोड़ द्वितीय, शाहिद शेख तृतीय एवं अनुज राठौर चतुर्थ स्थान पर रहे। सभी को प्राचार्य विपुल परमार्थी द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम का संचालन बीआईएस प्रभारी अधिकारी श्रीमती गायत्री सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती सपना महाजन, जोगेन्द्र भारती, अफाक कुरैशी इत्यादि उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई तक

**शाजापुर ।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण मप्र के निर्देशानुसार जिला कार्यालय खेल और युवा कल्याण शाजापुर द्वारा 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र हार्डिया ने बताया कि जिला अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाडी को 10000 रुपए, रजत पदक पर 8000 रुपए एवं कास्य पदक पर 6000 रुपए खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है। वर्ष 2025 की खेलवृत्ति के लिए 01 मई 2026 से 31 मई 2026 तक प्रात: 11 बजे से 5 ।30 तक आवेदन स्वीकार किए जा सकेंगे।

# मुख्यमंत्री ने ट्रॉली पर चढ़कर किसानों से की चर्चा

## जिले के गेहूं उपार्जन केंद्र मकोड़ी का किया औचक निरीक्षण, गेहूं खरीदी और भुगतान की ली जानकारी



**शाजापुर । प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शाजापुर जिले के ग्राम मकोड़ी में श्यामा गेहूं उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां स्लॉट बुकिंग और उपार्जन की अन्य व्यवस्था और किसानों को ओटीपी के माध्यम से किए जा रहे भुगतान की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने ट्रॉली पर चढ़कर किसानों से चर्चा भी की।**

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कृषक दीपक, राहुल से उनकी गेहूं की उपज की जानकारी भी ली और अन्य कृषकों से भी चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने उपार्जन केंद्र पर उन्हें कोई समस्या तो नहीं है। इसके बारे में किसानों से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने किसानों को बताया कि उपार्जन अवधि 9 मई 2026 से बढ़ाकर 23 मई 2026 कर दी गई है। जरूरत पड़ने पर उपार्जन अवधि को आगे भी बढ़ाया जाएगा। उन्होंने किसानों से कहा कि वे चिंता नहीं करें। उनकी एक-एक उपज खरीदी जाएगी, हमारी सरकार प्रत्येक किसानों के साथ खड़ी है। इस दौरान उन्होंने किसानों से उपार्जन स्थल पर पर्याप्त बैठक व्यवस्था, पेयजल, छाया आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपार्जन स्थल पर गेहूं के वजन की मात्रा को अपने समक्ष तुलवाकर भी देखा। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराजसिंह सिसोदिया, शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष सिंह, आईजी राकेश कुमार गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।





**सरकार आपके साथ खड़ी है...**

प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मकोड़ी पर किसानों की संख्या, खरीदी एवं परिवहन की मात्रा तथा भुगतान की राशि आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। यहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बारदानों पर छपाई कर रही स्व-सहायता समूह की महिला संगीता बाई से छपाई के बारे में पूछा। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना एवं शासन की अन्य योजनाओं से मिलने वाली राशि के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्व सहायता समूह की महिला से कहा कि उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सरकार उनके साथ खड़ी हैं।

**सेमली धाम पहुंच कथा में हुए शामिल**

इसके बाद मुख्यमंत्री ग्राम सेमली धाम पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंडित कमल किशोर नागर से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही यहां उन्होंने राजस्थान के सुप्रसिद्ध गोवत्स श्री राधाकृष्ण जी महाराज द्वारा की जा रही श्री नरसी मेहता पावन चरित्रकथा में सहभागिता कर, व्यास पीठ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति त्याग और देने वाली संस्कृति है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर संस्कृति, विकास और विज्ञान के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में सेमली धाम जैसे स्थान है, जहां समाज के सभी वर्ग एकजुटता के साथ भजन होता है।



## शंकराचार्यजी ने देश को एकता के सूत्र में बांधते हुए चार मठों की स्थापना की

### व्याख्यानमाला भव्यता और गरिमा के साथ हुआ संपन्न

**शाजापुर । जिला पंचायत सभा कक्ष में जिला स्तरीय शंकराचार्य व्याख्यानमाला का भव्य एवं गरिमामय आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं आदि गुरु आदि गुरु शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रारंभ में उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया।**





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य गुरुदेव मुकेशानंद भारती रहे। विशिष्ट अतिथियों में हेमंत रावत, मुकेश सक्सेना, विष्णु प्रसाद नागर, बसंत रावत एवं सीमा बैंडवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर ने जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने विशेष रूप से जल गंगा संवर्धन अभियान सहित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए समाज की सक्रिय सहभागिता पर प्रकाश डाला।

**जीवन दर्शन पर डाला प्रकाश**

मुख्य वक्ता पूज्य गुरुदेव मुकेशानंद भारती ने अपने प्रेरक उद्बोधन में आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन, दर्शन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य जी ने अल्पायु में ही संपूर्ण भारत को सांस्कृतिक एकता के सूत्र में बांधते हुए चार प्रमुख मठों की स्थापना की। उनके जीवन की प्रेरक घटनाओं, विशेषकर मगर द्वारा पैर पकड़ने की घटना एवं माता से संन्यास की अनुमति प्राप्त करने की कथा ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

**स्वदेशी की दिलाई शपथ...**

कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को स्वदेशी शपथ दिलाई गई। हेमंत रावत ने स्वदेशी जागरण के महत्व, उद्देश्यों एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए सभी को स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। व्याख्यानमाला में नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, परामर्शदाता, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र छात्राएं तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रमुख रूप से सुभाष मंडलोई सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन महेश सिसोदिया ने किया, जबकि अंत में बसंत रावत ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन की सफलता ने उपस्थित सभी जनों को भारतीय संस्कृति, स्वदेशी भावना एवं सनातन मूल्यों के प्रति नई प्रेरणा प्रदान की।

## 27 हजार 912 हितग्राहियों को दी 1 करोड़ 67 लाख की राशि

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत किया लाभान्वित



**शाजापुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के समस्त जिलों के साथ-साथ शाजापुर जिले के लगभग 27912 हितग्राहियों को 1 करोड़ 67 लाख 47 हजार 200 रुपए की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया।**

जिसके तहत मंदबुद्धि/बहुविकलांगता के 951 हितग्राही, मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना के 16173, कन्या अभिभावक पेंशन योजना के 950, मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के 32, सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन योजना के 779, सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन योजना के 2556, सामाजिक सुरक्षा नि:शक्त पेंशन योजना के 5296 तथा दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि के 1175 हितग्राहियों को कुल 1 करोड़ 67 लाख 47 हजार 200 रुपए की राशि उनके खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। उल्लेखनीय है कि मप्र शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से शासन द्वारा समाज के निर्धनों एवं निराश्रितों यथा वृद्धजनों, कल्याणियों, परित्यकताओं, अविवाहिताओं एवं दिव्यांगजनों इत्यादि के लिए पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसके अंतर्गत प्रति हितग्राही प्रतिमाह 600 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उक्त कार्यक्रम का शाजापुर कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में सीधा प्रसारण हितग्राहियों को दिखाया गया। पेंशन जमा होने पर हितग्राहियों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव को धन्यवाद दिया गया। इस दौरान प्रभारी उप संचालक नेहा गंगारे, समग्र संयोजक सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रभारी नरेन्द्र तिवारी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी धन्नालाल हनोतिया, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राधेश्याम परमार, विशेष शिक्षक उमेश पालीवाल आदि उपस्थित थे।

### खेल सामग्री का वितरण किया

**शाजापुर।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग मप्र भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार 15 अप्रैल से 15 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजन के निर्देश प्राप्त हुए। उक्त निर्देशों के पालन में जिला मुख्यालय पर 4 खेलो में एवं जिले के प्रत्येक विकासखण्ड पर 02 प्रचलित खेलो में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 के अंतर्गत 01 मई 2026 से 31 मई 2026 तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र हार्डिया ने बताया कि शिविर के संचालन के लिए जिला कार्यालय से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेल सामग्री संबंधित खेल प्रशिक्षक को प्रदाय की गई।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार जिंदा जला

**आगर-मालवा । जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर आगर-उज्जैन मार्ग पर बिजली ग्रिड के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की चोट लगने व जलने से मौत हो गई। जबकि बाइक सवार के साथ बैठे दोनों बच्चे सुरक्षित हैं।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार उज्जैन से आ रही कर ने बाइक सवार देपाल सिंह निवासी जमोरी जिला उज्जैन को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार का टायर फट गया, जबकि बाइक में आग लग गई। बाइक सवार देपाल सिंह को काफी चोट लगी थी। इस कारण वह बाइक से दूर नहीं जा सका और आग की चपेट में आने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बाद में मौत हो गई, जबकि देपाल सिंह के साथ एक तीन वर्षीय लड़की व 14 साल का एक लड़का भी था, जो दोनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी अनिल मालवीय व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### जनगणना 2027 के प्रथम चरण के कार्य के लिए वीसी में दिए निर्देश

**शाजापुर, 30 अप्रैल।** जनगणना निदेशालय भोपाल द्वारा आज आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में निर्देश प्रदान किए गए हैं कि प्रगणकों द्वारा 01 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का प्रथम चरण का कार्य फील्ड में संपादित किया जाएगा। जिला जनगणना अधिकारी ने इस संबंध में सभी चार्ज अधिकारी जनगणना एवं सभी तहसीलों के तहसीलदारों तथा चार्ज अधिकारी जनगणना एवं नगरीय निकायों के समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को विभिन्न कार्य समयसीमा में संपादित कराए जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने निर्देशित किया हैं कि चार्ज स्तर पर 1 मई से 30 मई 2026 तक के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाए। कन्ट्रोल रूम से स्व् कार्य की सतत मॉनिटरिंग करें। उक्त कार्य में मास्टर ट्रेनर्स एवं फील्ड ट्रेनर्स, तकनीकी सहायक की सेवाएं लें। 01 मई 2026 के पहले नहीं, 3 मई 2026 तक एचएलओ एप को सफलतापूर्वक लॉगिन कर सभी प्रगणकों द्वारा सौपे गये ब्लाक क्षेत्र में कम से कम एक एन्ट्री कर उसे सिंक करना, 4 मई से प्रगणकों द्वारा ब्लाक क्षेत्र में फील्ड कार्य अनिवायत: प्रारंभ करना, 5 मई से सभी पर्यवेक्षकों डाटा सिंक प्रारंभ करना तथा प्रगणक एवं पर्यवेक्षक का ब्लाक क्षेत्र में 10 प्रतिशत कार्य अनिवायत: पूर्ण करना आदि शामिल हैं।

**एक नजर में** — एनएच-52 पर टुकराना जोड़ के समीप हुआ हादसा, 52 लोग थे सवार

## नेशनल हाईवे पर ट्रक ने बस को मारी टक्कर, 24 तीर्थ यात्री घायल

**शाजापुर। एनएच-52 पर टुकराना और बिजाना जोड़ के बीच गुरुवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां बापूजी पेट्रोल पंप के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने तीर्थ यात्रियों से भरी बस को पीछे से टक्कर मार दी। इस बस में करीब 52 यात्री सवार थे, जो केदारनाथ-बद्रीनाथ के दर्शन कर खरगोन लौट रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का पिछला हिस्सा और ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।**





इस हादसे में 24 से अधिक यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 के पायलट राजवीर और कमलेश, प्रधान आरक्षक पवन शर्मा और आरक्षक देवांशु ठाकुर मौके पर पहुंचे। इसके बाद लालघाटी थाना और कोतवाली पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से शाजापुर के जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उनका इलाज जारी है। घायलों में रीना, कंचन बाई, नर्मदा बाई, धनी बाई, बसुबाई, रमाबाई, सेवकराम पटेल, बलीराम, अनिता, कमलेश, संगीता, छाया, उमाबाई, तुलसीबाई और भगवतबाई सहित अन्य यात्री शामिल हैं। बताया गया है कि टक्कर मारने वाले ट्रक में कच्चा तेल भरा था और वह झालावाड़ से देवास जा रहा था। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल किया और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।